तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 व्यावसायिक परिसर की दुकान को बाहर के व्यापारी ...





10 चुनावी मोड में कांग्रेस, दक्षिण के वार्ड प्रभारियों ...




## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मरीजों के लिए रक्तदान



**बेमेतरा।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा के जन्मदिन के पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य किए। इस दौरान विधायक दिपेश साहू की मौजूदगी में स्कूल के बच्चों को भोजन कराया गया। भाजपा नेता विकास तम्बोली ने अपने साथियों के साथ जरूरतमन्द गरीब परिवारों के मरीजों के जिला चिकित्सालय में रक्तदान कर विजय सिन्हा के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधायक दिपेश साहू,विकास दीवान भाजपा जिला उपाध्यक्ष,विकास तम्बोली जिला कार्यालय मंत्री व जिला संयोजक भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ, वरिष्ठ समाजसेवी व जिला सहसंयोजक राजेश शर्मा, भाजपा शहर मण्डल महामंत्री संतोष वर्मा,पिछड़ावर्ग मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष कमलेश वर्मा,शहर युवामोर्चा मंत्री गोलू कोसले,पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर महामंत्री राकेश वर्मा,सरस्वती साहू महिला प्रमुख एनजीओ प्रकोष्ठ, सरोज सोनवानी, हेमचंद सोनवानी राकेश साहू नागेश शाण्डिल्य वैभव तिवारी दिनेश सिन्हा सहींत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुर्घटना

### रोते बिलखते बेटे को देख राहगीर पहुंचे और परिजनों को दी घटना की जानकारी

# मार्निंग वॉक पर निकले युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर देवकर स्थित दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। इसमें सड़क पर मॉर्निंग वाक पर अपने 12 वर्ष के पुत्र के साथ निकले देवकर के समीपवर्ती ग्राम डेहरी के 35 वर्षीय नवयुवक राजाराम निषाद पिता चिंता राम को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी अनुसार युवक राजाराम निषाद मॉर्निंग वाक करने के बाद सड़क पर बैठकर योगा व व्यायाम कर रहा था इसी वक्त अनियंत्रित तेज अज्ञात वाहन ने उसे चपेट लेकर बुरी तरह रौंदते हुए जान ले ली। इस घटना की सूचना मिलने पर तत्काल देवकर चौकी पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। धमधा की संजीवनी एक्सप्रेस की मदद से बॉडी को सड़क से उठवाकर साजा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मृतक का पंचनामा बनाकर शव परिजनों को सौंपा दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक राजाराम कामकाज के सिलसिले में काफी समय से बाहर रहता था। वर्तमान में उसके घर में पूजा कार्यक्रम था, जिसके लिए अपने गांव आया था। इसी बीच यह दुर्घटना घट गयी। जबकि मौके पर मृतक का करीब 12 साल का पुत्र भी था, जो हादसे के वक्त पास में मौजूद रहकर खेल रहा था, इस दौरान ज़रा सी चुक होने पर नन्हें बच्चे की जान पर भी बन सकती थी। हालांकि हादसे का असल कारण मृतक का सड़क पर अचेत होकर योगाभ्यास करना बताया जा रहा है, जिसमें उसका ध्यान मोबाइल पर होने से आने वाले खतरे का एहसास नहीं हुआ और यह हादसा हो गया। जबकि अज्ञात वाहन चालक द्वारा काफी तेज गति से देवकर की ओर जाना बताया गया है, जिसमें सड़क पर व्यक्ति के नज़र आने पर इंसानियत के नाते चालक ने रफ्तार पर ब्रेक लगाई और न ही उन्हें बचाने की कोशिश की। इन्हीं सब के बीच हादसे के बाद अपने पिता को खून से लथपथ तड़पते देख बच्चे का दिल कौंध गया और जोर जोर से रोने की आवाज सुनकर राहगीरों का जमावड़ा लगा, तब जाकर हादसे का पता चला। हालांकि मृतक के शरीर से गाड़ी चढ़ जाने के कारण सिर सहित काफी हिस्सा पूरी तरह कुचला गया था, जिससे वह बच नहीं पाया और कुछ ही मिनटों में दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर काफी बिलखते नज़र आये, जिसे ग्रामीण समझाइश देकर वापस लेकर गए। मृतक राजाराम निषाद का अल्पायु काल में अकस्मात गुजर जाने से गांव में गमगीन स्थिति में अंतिम संस्कार किया गया।

इस संबंध में त्वरित मदद के लिए घटना स्थल पर पहुंचे देवकर चौकी के आरक्षक प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि देवकर क्षेत्र से गुजरे स्टेट हाईवे पर लगातार एक्सीडेंट की जानकारी मिल रही है। देवकर चौकी प्रभारी डीपी देशलहरे के दिशानिर्देश पर स्टॉफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मदद भी किया जा रही है। किन्तु असल में लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सवेरे व्यायाम, योगा या मॉर्निंग वॉक के लिए व्यस्त मार्गो का चयन न करे एवं वाहन चलाते वक्त यातायात नियमो का पालन करें।

**खास बातें**

- मॉर्निग वॉक के लिए निकले युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत ,12 वर्षीय पुत्र था साथ में
- दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे का मामला,सड़क पर योगा व व्यायाम के दौरान हुआ हादसा



# सियार ने 5 लोगों पर किया हमला, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वनमण्डल (सामान्य) क्षेत्र सम्बद्ध फॉरेस्ट अनुविभाग अधीनस्थ गांवों से जंगली सियार के हमले का खौफनाक मामला प्रकाश में आया है। इसमें अभी तक प्रभावित 02 गांव से करीब 5 लोगों पर सियार ने हमला किया है, जिसमें एक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। हालांकि इस घटना की खबर मिलते ही दो दिन से वन अमले के आला ऑफिसर एलर्ट मोड पर नज़र आ रहे हैं एवं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लेते हुए एहतियात के तौर पर खतरा संभावित जगहों पर सियार को पकड़ने के लिए पिंजरे की व्यवस्था कर दी गयी है। इसमें जल्द ही सियार की पकड़ने की बात बेमेतरा फारेस्ट विभाग द्वारा की जा रही है।



- फारेस्ट सर्किल के 2 गांवों में जंगली सियार का कहर, अलर्ट पर वन विभाग की टीम

यह घटना जिले के नवागढ़ ब्लाक के 12 किलोमीटर दूर मुंगेली रोड में स्थित गांवों की है। आमतौर पर जंगली सियार के हमले की खबर बहुत ▶▶| शेष पेज 11 पर

# साइबर अपराध से बचाने छात्रों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया में शुक्रवार को साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर सेल जिला-बेमेतरा के प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह ने छात्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एपीके स्कैम, सिम स्वैपिंग, सेक्सटॉर्शन, टोल-फ्री नंबर स्कैम, हाई रिटर्न निवेश धोखाधड़ी, लॉटरी स्कैम, फेक लोन एप, ट्रैवल एजेंसी स्कैम, पार्ट-टाइम जॉब ऑफर स्कैम, डीप फेक वीडियो स्कैम और फेक पुलिस स्कैम जैसे मामलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने फेसबुक क्लोनिंग स्कैम के खतरों और इससे बचने के उपायों पर भी चर्चा की। श्री सिंह ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी, जहां साइबर अपराधों की शिकायत की जा सकती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर ▶▶| शेष पेज 11 पर

- कृषि महाविद्यालय में लगा साइबर अपराध जागरुकता कार्यक्रम

# अहिल्यादेवी होल्कर पर निबंध एवं भाषण स्पर्धा हुई

**नवागढ़।** शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में अहिल्यादेवी होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के तत्वधान में शुक्रवार को किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय हाई स्कूल बाघुल, स्कूल पंडित रवि संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी प्रभारी अजीत सनम सहायक समन्वयक द्वारा दी गई।



# राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन जारी, भाजपा पर हल्ला बोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राम मंदिर जमीन खरीदी बिक्री मामले में कारवाई की मांग को लेकर जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर प्रांगण कांग्रेस द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा। शुक्रवार को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंच के माध्यम से भाजपा की कथनी ओर करनी पर जमकर सवाल खड़ा किए ।

पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने कहा कि मेरे कार्यकाल में जो लोग बढ़-चढ़कर मुझे तथा मेरे परिवार पर राम मंदिर जमीन अंतरण मामले में बदनाम करने में लगे हुए थे । वे आज वास्तव में भाजपा नेता द्वारा प्रभु श्रीराम मंदिर की जमीन को बेच दिए जाने के मुद्दे पर मौन है, जो भाजपा का चरित्र उजागर हो करता है। भाजपा के नेता द्वारा राम मंदिर की जमीन को खरीद कर भरपूर मुनाफाखोरी करते हुए बेचा गया है उसे मुद्दे पर मौन है किसी भी भाजपा नेता की ओर से कोई बयान इस मामले को लेकर नहीं दिया जा रहा है इससे यह माना जा सकता है कि कहीं ना कहीं बेमेतरा भाजपा इस मामले में संलिप्त है और भाजपा का समर्थन होना जाहिर हो रहा है । पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आम जनता को राम मंदिर की जमीन वापस दिलाने ओर इस मामले में कारवाई के लिए अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान। प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि दो पटवारी को निलंबित व नायब तहसीलदार हटाया जाना मात्र खानापूर्ति है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि राम मंदिर की जमीन खरीदी बिक्री करने वाले भाजपा नेता तथा इस मामले से जुड़े हुए सभी लोगों के ऊपर अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। राम मंदिर जमीन खरीदी बिक्री की रजिस्ट्री को शून्य किया जाए। पूरे बेमेतरा जिले में राम मंदिर की भूमि से संबंधित कोई भी जमीन ▶▶| शेष पेज 11 पर

- मंदिर की जमीन को बेचने को लेकर चल रहा विवाद
- प्रभु श्रीराम की जमीन बेचने वाले भाजपा नेता पर मौन क्यों : पूर्व विधायक

# स्कूली छात्रा से दुष्कर्म, युवक और होटल मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित होटल में स्कूल ड्रेस पहने 13 साल की बालिका को 35 वर्षीय युवक के पास से पुलिस ने बरामद किया है। बालिका रायपुर क्षेत्र की रहने वाली है। दुष्कर्म के आरोप में युवक गोलू पटले, लॉज मालिक बिहारी लाल गुप्ता को पुलिस ने पास्को एक्ट की धारा 137 (2) 64(1) 65(1). 4. 6.17 18 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में आगे की विवेचना जारी है। स्कूल ड्रेस में बालिका के बरामद होने और दुष्कर्म की खबर शहर में फैलते ही आमजनों ने अपने गुस्से का इजहार किया।

पुलिस ने बताया कि शहर के पुराना बस स्टैंड सिग्नल चौक स्थित होटल न्यू आदित्य में स्कूल ड्रेस पहने एक नाबालिग बालिका युवक के साथ जाने की जानकारी मिली इसके उपरांत उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर होटल के कमरे से 8 वीं क्लास की 13 वर्षीय बालिका को बरामद किया गया। महिला पुलिस अधिकारी की पूछताछ में बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने की बात सामने आई। इस मामले पर आरोपी गोलू पटले उम्र 35 साल जो की वर्तमान में उरला रायपुर में रहकर मिल में कार्य करता है परंतु वह मुख्य रूप से बेमेतरा जिले ग्राम खमरिया का रहने वाला है। पुलिस ने यह भी बताया कि उक्त आरोपी युवक स्कूल जाने निकली बालिका को बहला फुसला कर घूमने के बहाने रायपुर से बेमेतरा स्थित होटल में दुष्कर्म करने के नियत से लाया था। जहां पर मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने होटल में छापा मार कर उक्त युवक को नाबालिक लड़की के साथ संदिग्ध हालात में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बालिका के माता पिता को सूचना देकर बुलाया। लड़की के माता-पिता के शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने इस बात की भी आशंका है जताई है और बालिका के साथ आरोपी युवक द्वारा पूर्व में भी रायपुर क्षेत्र में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया होगा। होटल संचालक बिहारी बिहारी गुप्ता को भी कारवाई ▶▶| शेष पेज 11 पर

- लाज से बरामद की गई स्कूल ड्रेस में रायपुर निवासी 13 साल की बालिका
- शहर के पुराने बस स्टैंड चौक का मामला

### बिना आईडी होटलों में मिल रहे कमरे

पुलिस को लंबे समय से युक्त होटल में देह व्यापार के कारोबार में लिप्त होने की लगातार जानकारी भी मिल रही थी। समुचित कार्रवाई का अभाव देखा जा रहा था किंतु जब नाबालिग बालिका के माता-पिता ने कोतवाली में शिकायत की तब कहीं जाकर पुलिस ने होटल संचालक पर त्वरित कार्रवाई। शहर के अन्य होटलों में भी आए दिन युवाओं के साथ स्कूल, कॉलेज की नासमझ लड़कियां का आना जाना देखा जा सकता है। होटल संचालक बिना किसी आईडी के कमरा बेधड़क दिया जाता है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस प्रशासन आगे भी इस तरह शहर में अवैधानिक कार्यों पर लगाम लगाने अभियान चलाकर ऐसे तत्वों पर कारवाई करे।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


### सीसी रोड एवं मिनी ओपन जिम का निर्माण कार्य शुरू



**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू के मुख्य अतिथ्य मे ग्राम पंचायत कोहड़िया मे सांसद निधि से 3 लाख की लागत से बनने वाले मिनी ओपन जिम एवं विधायक निधि से 5 लाख 20 हजार की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण होने से ग्रामवासियो को आवागमन मे सुविधा मिलेगी। अब बरसात के दिनों में भी सीसी रोड निर्माण ▶▶| शेष पेज 11 पर




## खबर संक्षेप



### डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और कैट सीजी चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन सहित अन्य सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी साथ ही उनके दीघायु जीवन की कामना की। प्रतिनिधिमंडल में कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- परमानंद जैन आदि शामिल रहे।

### पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री की जाए अनिवार्य

**रायपुर।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री को अनिवार्य करने की मांग की है।

### उर्स में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** हजरत सैय्यद शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह का हर साल की तरह इस साल 43वां उर्स पाक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है।

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें शामिल



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें शामिल हुईं। स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर एवं आईपी वर्मा सहायक क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर थे। इस अवसर पर सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सर्व आदिवासी समान के सदस्यों ने गुरुवार को राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह से मुलाकात की। सदस्यों ने हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की। अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह से मुलाकात करने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बीएस रावटे, अकबर राम कोर्राम, गोंड महासभा अध्यक्ष विनोद कुमार नागवंशी, प्रदेश सचिव जिवराखन मरई, प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर और सोनडोंगरी में 1 करोड 48 लाख रुपए के स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि कबीर नगर में अधोसंरचना मद से आंतरिक व मुख्य मार्ग में खराब हुए मार्गों का जल्द डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। भोजनगर, सीता नगर में सीसी रोड नाली निर्माण और सोनडोंगरी के दुर्गा चौक से यादव मोहल्ला तक नाली निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद घनश्याम छत्री, संत कबीर दास वार्ड पार्षद नारद कौशल, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैक मिलन साहू, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए शिक्षकों को पढ़ाने लगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुंडरदेही के तत्वावधान में विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला के विज्ञान एवं गणित पढ़ने वाले शिक्षकों को कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य सूची परीक्षा में विकासखंड के आठवीं कक्षा में अध्यनरत बच्चों को अधिक से अधिक परीक्षा में शामिल करने तैयारी सुनिश्चित करना रहा।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव द्वारा इस परीक्षा में बच्चों के भाग लेने से होने वाले लाभ के विषय में बताते हुए भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति बच्चों के दृष्टिकोण में परिवर्तन की बात बतायी गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराते हुए चयन सुनिश्चित करवाना है। कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मर्कले भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने से उनके अंदर प्रतियोगी भावना का विकास होता है।

**ये रहे उपस्थित :** इस कार्यशाला में विकास कुमार कोसरे, सुरेश चंद्राकर, आर विजयलक्ष्मी एवं संकुल समन्वयकों मेनसिंह साहू द्वारा शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया, कार्यशाला मे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किशोर साहू उपस्थित थे।

## आठवीं के छात्र-छात्राओं को गणित व विज्ञान पढ़ाएंगे प्रशिक्षित शिक्षक



### एनएमएमएस परीक्षा के पाठ्यक्रम के बारे में बताया

कार्यशाला में शिक्षकों को एनएमएमएस परीक्षा के पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। परीक्षा के पैटर्न को भी समझाया गया। बच्चों में समय प्रबंधन करते हुए गणित के प्रश्नों को आसानी से हल करने के तरीकों को समझने का प्रयास किया गया। विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं, इस पर भी शिक्षकों से चर्चा की गई। कार्यक्रम में शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोटिया पवन सिंह द्वारा अपने अनुभव के आधार पर शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

## सह प्रभारी सचिव जांगिड़ ने शहर जिला कांग्रेस की ली बैठक

# चुनावी मोड में कांग्रेस, दक्षिण के वार्ड प्रभारियों की बैठक में दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कांग्रेस संगठन चुनावी मोड में आ गया है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने सभी को चुनाव में जुटने का अव्हान किया। जांगिड़ ने सभी वार्ड प्रभारियों से वहां पर किए गए अब तक कार्यों की जानकारी ली। वहीं चंगोराभाठा वार्ड में प्रभारी विकास उपाध्याय की जगह पर यहां नए प्रभारी के रूप में सुरेश ठाकुर और दीपक मिश्रा की नियुक्ति की गई है। दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के सभी सक्रिय पदाधिकारी और शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी इसमें शामिल हुए।

सह प्रभारी ने कहा, सभी वार्ड में बूथ कमेटियों के माध्यम से कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं। आज की बैठक चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार के संबंध में सभी कांग्रेस नेताओं को निर्देश दिए गए। कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से कहा गया कि उप चुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं। जनता के बीच जाकर कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य कारनामों को रखें। क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दें। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## उपचुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं



### आज वरिष्ठ नेताओं की बैठक

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भी चुनाव में सक्रियता के साथ जुटने की रणनीति बनाई जाएगी। सह प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कांग्रेस के चुनाव की रणनीति के साथ यहां पर चुनाव में जीत दर्ज करने के संबंध में चर्चा करेंगे। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के पार्षद, छाया पार्षद, बूथ अध्यक्ष और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्षों की अलग से बैठक लेकर उन्हें चुनाव में अपने-अपने वार्ड में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई जाएगी।

### कांग्रेस के दावेदारों में राजीव भी

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से आधा दर्जन से अधिक दावेदार सामने आए हैं। इनमें इस क्षेत्र के सक्रिय पार्षद और कुछ वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कुछ ऐसे नाम भी हैं, जो पहले यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, वे भी दावेदार के रूप में सामने आए हैं। कुछ नेताओं ने दिल्ली जाकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिलकर यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस संगठन ने भी आंतरिक सर्वे कराया है, उसके आधार पर ही टिकट का फैसला होगा। यहां से कांग्रेस के दावेदारों में प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, सुशील सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, सतनाम पनाग और राजीव वोरा के नाम चर्चा में हैं।

# कस्टम मिलिंग कर जमा नहीं कराया चावल खाद्य विभाग ने मिलरों पर कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रायपुर, रायगढ़ और बिलासपुर में की गई कार्रवाई
- 28 तक मिलरों को जमा करना है कस्टम मिलिंग का चावल

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग का चावल समय पर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध खाद्य विभाग ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। विभाग ने पूरे प्रदेश में राइस मिलों में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर और अन्य जिलों में कई राइस मिलरों के ठिकानों पर छापे मार कर चावल जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। विभाग पिछले साल के मिलरों के चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की जानकारी लेकर उनसे चावल राजसात कर रहा है।

बताया गया है कि शासन के निर्देश के अनुसार रायपुर जिले में राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग का चावल 28 अक्टूबर तक जमा करना है, लेकिन अभी भी कई मिलर 60 से 70 प्रतिशत ही चावल जमा कर पाए हैं। ऐसे में शेष चावल को आगामी 10 दिनों के भीतर मिलरों को जमा कराना है। इसी क्रम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार राइस मिलरों को समय सीमा में शत-प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन जिलों में की गई कार्रवाई

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में कृष्णा फूड्स राइस मिल में एक हजार क्विंटल से अधिक धान एवं 377 क्विंटल चावल की जब्ती बनाई गई है। रायगढ़ जिले में चावल जमा नहीं करने वाले पांच राइस मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पांच राइस मिल संचालकों ने नोटिस के बाद भी चावल जमा करने पर बंसल उद्योग, मंगल ग्रेनस, इसमुंडा राइस मिल, श्री राम राइस मिल और मां दुर्गा फूड्स प्रोडेटेट की अमानत राशि राजसात करने की कार्रवाई शुरू की गई। बिलासपुर में कस्टम मिलिंग के चावल को तय समय में जमा नहीं करने पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राइस मिल में गड़बड़ी पाए जाने के बाद विभाग ने 85 लाख रुपए के 3 हजार 400 क्विंटल धान को जब्त किया है।

### पिछले वर्ष 25 मिलरों ने 1166 टन चावल नहीं किया जमा

बताया गया है कि रायपुर जिले में पिछले वर्ष कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल 25 मिलरों ने जमा नहीं किया हैं। विभागीय टीम ने इसे लेकर कुछ मिलरों के यहां दबिश भी दी थी। इस दौरान साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया गया था। इन मामलों में जिला विपणन विभाग द्वारा राइस मिलरों से चावल के बदले राशि की रिकवरी की जा रही है। इसके तहत बैंक गारंटी जब्ती के अलावा मिलरों के बिलों में रिकवरी की राशि समायोजित की जा रही है।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सोशल मीडिया का हो अधिक उपयोग : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सचिव ने ली जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक
- समाचार माध्यमों को तुरंत जानकारी उपलब्ध कराएं

जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा है कि कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है, ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराएं।

श्री दयानंद ने यह बात गुरुवार को नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा- राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए।

### सरकार की योजना से आ रहा है बदलाव

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पिछले 10 माह में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेक फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

### ऐसी हो समाचार की भाषा शैली

श्री दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए। नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। बैठक में संचालक जनसंपर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य, हर्षा पौराणिक सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएड-बीएड अभ्यर्थी आज नेशनल हाईवे पर करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती सहित 7 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी लंबित मांगों को लेकर 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती की मांग को लेकर प्रशिक्षित अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 31 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि 18 अक्टूबर तक उनकी मांग पूरी नहीं होने पर वे 19 तारीख को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है 7 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी 21 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी से नाराज अभ्यर्थी अब 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने सड़क पर उतरेंगे।

### प्रमुख मांग इस तरह

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय व विषय के पद सम्मिलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विंभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी की छूट प्रदान करने की मांग।
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

# महिला ने पति के खिलाफ लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बच्चा नहीं होने, किसी दूसरी औरत के साथ प्रेम प्रसंग के कारण प्रताड़ना का आरोप

टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना, गोकुल नगर निवासी एक 45 वर्षीय महिला ने अपने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला ने अपने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है।

महिला ने एसएसपी कार्यालय में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक मोहम्मद के साथ उसका निकाह 24 वर्ष पूर्व धार्मिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। कई वर्षों तक संतान नहीं होने पर महिला को उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। मेडिकल कराने के बाद पति में कमी होने की वजह से बच्चा नहीं होने की पुष्टि हुई। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसके पति का पंडरी में किसी अन्य महिला के साथ संबंध है, जिसकी वजह से महिला को उसका पति प्रताड़ित कर रहा है।

महिला ने अपने पति पर जेवर तथा संजय नगर स्थित मकान बेचकर पंडरी की महिला को देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला ने अपने पति के खिलाफ टिकरापारा के साथ महिला थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है।

### ग्रीस की शिफ्टिंग द फ्यूचर कार्यशाला में भाग लेंगे डॉ. चंद्राकर



**रायपुर।** डॉ. नीरज चंद्राकर को ग्रीस के एथेंस में एसएचआईएफटी (शिफ्टिंग द फ्यूचर) कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमें दुनियाभर के 28 प्रोफेशनल दंत चिकित्सक और गैर-दंत चिकित्सक शामिल हैं। वे एफएलआईपी (फ्यूचर लीडर ऑफ प्रोस्थोडोंटिस्ट) सदस्यों में से 4 प्रोस्थोडॉन्टिस्ट में से एक हैं, जिन्हें इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। आमंत्रित किए गए प्रतिष्ठित लोगों में चार्ल्स गुडाक्रे (पूर्व डीन, लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री), रॉबर्ट फेएला (पूर्व अध्यक्ष, अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन और अमेरिकन बोर्ड ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी के निदेशक), थॉमस कोल (एमआईटी से मैकेनिकल इंजीनियर, अटलांटिस कंपोनेंट्स के सह-संस्थापक), रैलीन सैमब्रुक, श्रीनिवास कोका (पूर्व डीन, मिसिसिपी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री) और कई अन्य शामिल हैं।

# बाल संरक्षण विभाग की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बाल विवाह की प्रथा खत्म हो चुकी है। ऐसा करने वाले परिवारों के विरुद्ध सख्त कानून भी बना हुआ है, लेकिन इसके बाद भी कुछेक परिवार ऐसे हैं, जो कानून की परवाह किए बगैर बच्चों का बाल विवाह कराने का प्रयास करते हैं। रायपुर जिले के धरसींवा ब्लॉक के मटिया गांव में ऐसे ही दो परिवार अपने बच्चों का बाल विवाह कराने वाले थे। इसकी सूचना मिलते ही बाल संरक्षण विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर इस बाल विवाह को रुकवाया और दोनों परिवारों को समझाइश दी। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिली कि ग्राम मटिया में एक 15 वर्षीय लड़की का 16 वर्षीय लड़के के साथ बाल विवाह कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लड़का मटिया गांव का ही रहने वाला था, वहीं लड़की किसी दूसरे गांव की निवासी है। इन दोनों के परिवारों ने आपसी रजामंदी से इनका रिश्ता तय किया था। रिश्ता तय होने के बाद इनके विवाह की सारी तैयारी लड़के के गांव में की जा रही थी। शादी के दिन ही टीम को इस बाल विवाह की सूचना मिली थी। शादी शाम को थी, लेकिन टीम ने दोपहर में गांव पहुंचकर इस विवाह को होने से रुकवाया लिया।

# आजाद हिंद में लगेंगे एलएचबी कोच, रायपुर से पुणे और हावड़ा का सफर होगा आरामदायक

**15 फरवरी से आजाद हिन्द एक्सप्रेस से यात्रियों को मिलेगी नए कोच की सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद हिंद एक्सप्रेस के यात्रियों को भी अब एलएचबी कोच से यात्रा करने की सुविधा तीन महीने बाद मिल सकेगी। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच को सुरक्षित माना गया है। सामान्य कोच की अधिकतम गति 110-130 किलोमीटर की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाइन किए गए हैं। आईसीएफ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इसमें हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है, वहीं दाएं-बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। 12129/12130 पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस सहित रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी-रीवा एक्सप्रेस और हुजूर साहिब नान्देड-सांतरागाछी-हजूर साहिब नान्देड एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा देने का फैसला लिया गया है। यह सुविधा 12129 में 15 फरवरी से वहीं 12130 में 17 फरवरी से मिलने लगेगी।

### महाकुंभ मेला में जोन की दो जोड़ी ट्रेनों का रहेगा ठहराव

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 10 जनवरी से 28 फरवरी तक महाकुंभ मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। कई स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेन भी शामिल हैं। नौ जनवरी से 27 फरवरी तक 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस नैनी स्टेशन, 11 जनवरी से 22 फरवरी 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस भी नैनी स्टेशन में दो मिनट के लिए ठहरेगी। इसी तरह 12 जनवरी से 25 फरवरी 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस का शिवरामपुर व भरतकूप स्टेशनों में दो-दो मिनट ठहरेगी। वापसी में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस भी इतने समय तक स्टेशन में ठहरा करेगी।

### अब काटोल स्टेशन में ठहरेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18237/18238 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के काटोल रेलवे स्टेशन में ठहराव दिया गया है। इसी तरह 11040/11039 गोंदिया-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस का मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल अंतर्गत पुनतांबा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छह माह के लिए रहेगा। कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का काटोल रेलवे स्टेशन में 23:07 बजे पहुंचकर 23:08 बजे रवाना होगी। वापसी में अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का काटोल रेलवे स्टेशन में रात 12:01 बजे पहुंचकर 12:02 बजे छूटेगी।

### 20 तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी सारनाथ एक्सप्रेस

रेलवे के अनुसार 17 से 20 अक्टूबर तक 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग और वापसी में 18 से 21 अक्टूबर तक इसी परिवर्तित मार्ग चलकर गंतव्य तक पहुंचेगी। 17 अक्टूबर को 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग होकर चलेगी। वापसी में 19 अक्टूबर को इसी मार्ग से चलेगी।

# कवियों ने हास्य व्यंग्य से श्रोताओं को हंसाया, वीर रस से किया रोमांचित तो गजल से जगाया प्यार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

## माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन





**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर अजय मिश्रा, गिरीश गबेल, हर्ष तिवारी, आदित्य सिंह राजपूत, राजेश दत्त दुबे, सुरेश पटेल, नीतू कोठारी, नंदू गुप्ता, वैभव तिवारी, बंसी राठी, सुदर्शन वैष्णव, नरेश साहू, जीवन गायकवाड, अश्वनी मानिकपुरी, मनोज सिन्हा,यशवंत टंडन, नरेश राय, टोपेंद्र सोनवानी, अभिनव राजपूत सहित हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी द्वारा किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल का सम्मान हुआ।

कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। रात्रि 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में सभी कवियों ने एक-एक कर प्रस्तुति दी, तो श्रोता भी रातभर डटे रहे। सैकड़ो श्रोता बड़े ही उत्साह और आनंद से कार्यक्रम देखते हुए कवियों का उत्साहवर्धन किया। सांसद विजय बघेल ने योगेश तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा जनसरोकार के कामों में लगे रहते हैं। योगेश से उनके पारिवारिक संबंध है। श्री तिवारी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास होता है कि इस तरह के आयोजन की निरंतरता बनी रहे। इस अवसर पर दो समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान किया गया। जिसमें राम रसोई व सहयोग संस्था शामिल है। राम रसोई को 20 रुपए में भर पेट खाना देने व सहयोग संस्था को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिए सम्मानित किया गया।

### इन कवियों ने लोगों को गुदगुदाया

सम्मेलन में कवियों में पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे अंतरराष्ट्रीय हास्य व्यंग, वंदना शुक्ला श्रृंगार रस प्रयागराज उत्तरप्रदेश, पद्मलोचन शर्मा मुहफट पैरोडी किंग राजनांदगांव, शशिभूषण स्नेही हास्य एवं गीतकार बिलाईगढ़, रामानंद त्रिपाठी हास्य व्यंग्य बेमेतरा आदि ने रातभर श्रोताओं को गुदगुदाया। कवियों ने हास्य व्यंग्य से श्रोताओं को हंसाया। कवियों ने वीर रस से लोगों को रोमांचित किया तो गजल से भावनाओं व प्यार को जगाया।

## खबर संक्षेप

### मंत्री राजवाड़े के निर्देश पर समस्याओं का त्वरित निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में मंगलवार को प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित रहकर 60 से अधिक आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। राजवाड़े ने इनमें से अधिकतर आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### पीडब्ल्यूडी में 51 अधिकारियों की पदोन्नति

**रायपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 51 अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा तीन कार्यपालन अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पदोन्नत किया गया है। वहीं 48 सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता पदोन्नत किया गया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा मंत्रालय से पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत अधिकारियों की पदस्थापना बाद में की जाएगी।

### पांच आईपीएस के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन के गृह विभाग ने पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। गृह विभाग ने गुरुवार को तबादला आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में अरविंद कूजूर को तीसरी वाहिनी छसबल अमलेश्वर, दुर्ग से पुलिस मुख्यालय रायपुर, धमेंद्र सिंह छवई सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय रायपुर से छसबल की 15वीं बटालियन बीजापुर, श्वेता राजमणि को सेनानी 17वीं बटालियन छसबल कबीरधाम से छसबल की 19वीं बटालियन बस्तर, उदयकिरण को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यलय से छसबल की 9वीं बटालियन दंतेवाड़ा, मनोज खिलारी को वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना से छसबल की दूसरी बटालियन बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

**आयोजन :** प्रभारी सचिव ने वीडियो कॉन्फेसिंग के जरिए ली नारको को-ऑर्डिनेशन की बैठक

# नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित व समर्पित प्रयास की रखें नींव : डॉ. प्रसन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सचिव, सहकारिता विभाग, गृह एवं जेल तथा जिला प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर में बैठक ली। जिला प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने बैठक की शुरुआत करते हुए नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशे के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विभिन्न नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित और समर्पित प्रयास की नींव रखें, जिससे भविष्य में नशे की समस्या को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि जिले में नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों कुछ मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों के लिए चल रहे पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी दी और उनके सुधार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, सीएसपी राजेश कुमार झा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्मल सिंह ठाकुर, मुख्य ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ,यशवंत ध्रुव, ज़िले के एसडीएम, यातायात प्रभारी प्रवासी यादव, जिला परिवहन अधिकारी, अरविंद भगत, नगरपालिका अधिकारी सहित ज़िला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी

डॉ. प्रसन्ना ने स्कूल और कॉलेजों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाने पर बल दिया। कहा कि छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाये और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी जाये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को विभिन्न प्रचार माध्यम के जरिए नशे के खिलाफ समाज में और जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने कहा। नशा मुक्ति रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान अलग अलग माध्यम से करने के निर्देश दिए स्कूल कॉलेज के बच्चों के द्वारा, स्वच्छता दीदियों के द्वारा समाज कल्याण विभाग के द्वारा अलग अलग गतिविधियों द्वारा जागरूक करना है। मेडिकल स्टोर्स में बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के नशीली दवाई का बिक्री करने पर रोक लगाने के निर्देश दिये। अगर देता है तो उस पर सख़्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### नशीले पदार्थों के कारोबार पर लगाए रोक

उन्होंने ने सभी विभागों को एकजुट होकर काम करने की अपील की और नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाए। प्रभारी सचिव डॉ. प्रसन्ना ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित और समर्पित प्रयास की नींव रखें, जिससे भविष्य में नशे की समस्या को नियंत्रित किया जा सके।

# लोहारीडीह की घटना पुलिस की लापरवाही का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह मामले, हसदेव जंगल कटाई तथा भाजपा नेता की नोटों के साथ रील पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश की पुलिस ने लोहारीडीह के शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की हत्या के मामले में चार लोगों की गिरफ्तार किया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने यह माना कि कचरू साहू की हत्या हुई थी। श्री बैज ने कहा, रघुनाथ साहू की हत्या के बाद पुलिस की कार्यवाही और पुलिस की कस्टडी में तथा पुलिस की मारपीट से प्रशांत साहू की मौत हो गयी। इस प्रकार छत्तीसगढ़ पुलिस की लापरवाही से लोहारीडीह में तीन लोगों की जान गयी। लोहारीडीह में हुई मॉब लीचिंग की घटना के लिये गृहमंत्री एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने मांग की है कि जेल में बंद निर्दोष लोगों को रिहा किया जाए। पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### ये सवाल उठाए

गृह मंत्री और छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को क्यों दबाया? आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कैसे बदला गया, इसका जिम्मेदार कौन है? सरकार बताये इस मामले पर लीपापोती क्यों की गई? इसके इशारे पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदली गई? दो परिवार को बर्बाद करने का जिम्मेदार कौन? ऐसे में यह बहुत आवश्यक हो गया है कि इतनी बड़ी रकम लेकर भाजपा के नेता किसको देने जा रहे थे? या किसी से अवैध वसूली कर आ रहे थे? यह बहुत ही गंभीर मामला है कि बेरोजगार युवा के पास इतनी बड़ी रकम कहां से आयी?

### मरकाम झारखंड के वरिष्ठ समन्वयक बने



**रायपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम को बड़ी जिम्मेदारी दी है। झारखंड चुनाव के लिए उन्हें एआईसीसी वरिष्ठ समन्वयक नियुक्त किया गया है। समन्वयकों की जिम्मेदारी दो अन्य नेताओं को भी दी गई है, जिसमें बीके हरिप्रसाद और गौरव गोगोई का नाम शामिल है। एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया है।

# पिछले बजट की राशि का खर्च संसाधनों का उपयोग कैसे हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राज्य सरकार ने 2023-24 में जो बजट बनाया था, जो राशि खर्च की थी, उसका उपयोग कैसे हुआ। जिन उद्देश्यों के लिए बड़ी-बड़ी राशि जारी की गई थी, उससे शुरू हुई परियोजनाओं का कितना लाभ मिला, इसका ब्योरा तैयार करते हुए निष्पादन (परिणामी) बजट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह बजट विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सदन पटल पर रखा जाएगा। सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को तैयारी के निर्देश दिए हैं।

### वित्त ने जारी किया आदेश

इस संबंध में वित्त विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार ने सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को जारी पत्र में कहा है कि 2023-24 का निष्पादन बजट आगामी विधानसभा सत्र में विधानसभा के पटल पर रखा जाना है। यह वर्ष 2023-24 के परिणामी बजट में दिए गए वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों के आधार पर तैयार किया जाता है। अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सचिवों से कहा गया है कि वे 24 अक्टूबर तक ये जानकारी वित्त विभाग को दें।

### यह है निष्पादन बजट

निष्पादन बजट एक वित्तीय योजना है जो किसी परियोजना, कार्यक्रम या संगठन के लिए आवंटित धन के उपयोग को निर्धारित करती है। यह बजट विशिष्ट उद्देश्यों और गतिविधियों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधनों की पहचान करता है और उनके आवंटन को नियंत्रित करता है। निष्पादन बजट में आम तौर पर ये घटक शामिल होते हैं। बजट में आय के स्रोतों की पहचान की जाती है, जैसे कि सरकारी अनुदान, निजी दान, या बिक्री से प्राप्त आय। बजट में विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं पर किए जाने वाले व्यय की पहचान की जाती है, जैसे कि कर्मचारी वेतन, सामग्री खरीद, और यात्रा व्यय। बजट में विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं के लिए धन का आवंटन किया जाता है। समयसीमाः बजट में गतिविधियों और परियोजनाओं की समयसीमा निर्धारित की जाती है। बजट में प्रदर्शन मापन के मानक निर्धारित किए जाते हैं ताकि बजट की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके।

### ऐसे बनाया जाता है ये बजट

निष्पादन बजट किस तरह बनाया जाना है। इस संबंध में वित्त विभाग ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उदाहरण के तौर पर इसे ऐसे समझ सकते हैं। जैसे स्कूल शिक्षा विभाग का निष्पादन बजट 2023-24 बनेगा तो उसमें लिखा जाएगा। विभाग की योजना का नाम या कार्यक्रम, योजना का उद्देश्य क्या था। इसके लिए बजट का प्रावधान कितना किया गया। बजट की राशि खर्च करने के लिए लक्ष्य कौन से रखे गए। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा ये है कि इस बजट से वास्तविक भौतक उपलब्धियां और वित्तीय उपलब्धियां क्या रहीं।

# महिला आयोग में 5 सदस्यों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में रिक्त 5 सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। इन सभी सदस्यों ने पदभार भी संभाल लिया है। सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद आयोग में प्रकरणों का निराकरण भी अब और तेजी से होगा। ये सभी पद 27 जून से रिक्त थे। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति के लिए शासन को पत्र लिखा था, जिसके बाद इन पदों पर नियुक्ति की गई है। **इन सदस्यों की हुई नियुक्तिः** आयोग में सदस्यों के रूप में लक्ष्मी वर्मा बलौदाबाजार, प्रियंवदा सिंह जूदेव जशपुर, सरला कोसरिया (महासमुंद), ओजस्वी मंडावी (दंतेवाड़ा) एवं दीपिका सोरी (सुकमा) को नियुक्त किया गया है। इनमें लक्ष्मी वर्मा ने 7 अक्टूबर को ही पदभार ग्रहण कर लिया था, वहीं शेष सदस्यों ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के हितों में मिलकर कार्य करने के लिए कहा।

सरगुजा, बस्तर एवं रायपुर संभाग से सदस्यों की नियुक्ति करने पर आयोग अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।




## पेज 9 के शेष

### सियार ने 5...

कम सुनाई देती है, किंतु नवागढ़ क्षेत्र में 5 व्यक्तियों पर हमले से आमजनों में खौफ व डर का वातावरण बना है। दरअसल बेमेतरा सामान्य वन परिक्षेत्र में विगत 14 एवं 15 अक्टूबर के दरम्यान ग्राम घोंघरा एवं केशली में जंगली सियार के हमले में 5 व्यक्ति घायल हुए हैं, जिसमें 65 वर्षीय एक बुजुर्ग की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे मुंगेली से बिलासपुर ले जाया गया है, जहां पर उसका उचित इलाज किया जा रहा है। वन विभाग बेमेतरा सर्किल के प्रभारी रेंजर पुनीत राम लासे स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर आमजनों को सुनसान जगहों से दूर रहने की अपील प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को दे रहे हैं एवं हमले के बाद से पल पल में प्रभावित इलाके की मॉनिटरिंग की जा रही है।इस संबंध में बेमेतरा फॉरेस्ट एसडीओ-व्ही एन दुबे ने बताया कि बेमेतरा ज़िला पूरे प्रदेश फारेस्ट मामले में वन रहित ज़िला होने के कारण यहां जंगली-जानवरों के आतंक व हमले की शिकायतें नगण्य मामले हैं, हालांकि कई इलाकों खेतों व सघन पेड़-पौधों के बीच अक्सर जंगली सुअर एवं सियार से इंसानी मुठभेड़ की खबर मिल जाती है, जिस पर हमले में पीड़ितों व घायलों को वन प्रशासन की ओर से करीब 59 हजार रुपये तक की उपचार हेतु मदद की जाती है, इसी के तहत बेमेतरा फोरेस्ट सर्किल अंतर्गत ग्राम घोंघरा के ग्रामीणों का इलाज कराया जा रहा है, वहीं स्पॉट पर रेंजर की टीम पहुंची हुई थी, जिससे जल्द ही जंगली सियार को पकड़ने में सफलता मिल जाएगी।

### साइबर अपराध से ...

अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना और जनता को इनसे बचने के उपाय सिखाना था। महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. संदीप भंडारकर ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा तथा महत्व को बताते हुए सभी को जागरूक रहने की सलाह देते हुए साइबर सेल बेमेतरा को धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीडी साहू, डॉ. यूके ध्रुव, डॉ. असित कुमार, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. भारती बघेल, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. नूतन सिंह, सुनिता सिंह तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राम मंदिर मुद्दे ...

हो जिसकी खरीदी बिक्री की गई है चाहे कोई कितना भी बड़ा नेता क्यों ना हो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई प्रशासन करे। राम मंदिर ट्रस्ट मे साफ सुथरे लोगों को रखा जाना चाहिए। कार्रवाई होने तक यह आंदोलन चलेगा। आंदोलन को और उग्र तथा वृहद रूप से किया जाएगा। **ये हुए शामिलः** धरना प्रदर्शन में इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ,पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव पूर्व, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी आर जनार्दन ,लोकेश वर्मा,जोगिंदर छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा ,भुवन साहू ,मिथिलेश वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, रवि रजक, पप्पू साहेब, मनोज शर्मा ,मिंटा नामदेव, राजू साहू ,आशीष राम ठाकुर , रेहाना रवानी ,रश्मि मिश्रा ,जया साहू ,रानी डेनिम सेन ,धरम वर्मा ,जनता साहू ,प्रशांत तिवारी, रेवेंद्र देवांगन, शंकर चौहान ,सीताराम यदू ,शंकर चौहान, बलवंत साहू ,कमल साहू ,सनतधर दीवान ,रवि गुप्ता, राधेश्याम साहू ,ओम प्रकाश यादव ,उमेश वर्मा ,राजू रजक, निहित वर्मा ,वाहिद रवानी , विकास चौबे, चंद्र प्रकाश शीतलानी, जगजीत सिंह, लक्ष्मी प्रसाद डेहरे ,धनंजय साहू ,बोधन साहू, रीता पांडे ,कमल साहू सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे ।

### स्कूली छात्रा से ...

करते हुए निर्धारित नियमों को ताक पर रखकर होटल में कमरा उपलब्ध कराए जाने पर सह आरोपी बनाया ओर धारा 137 (2) 64(1) 65(1). 4. 6.17 18 पास्को एक्ट का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सीसी रोड एवं ..

होने से आने- जाने में ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं होंगी। विधानसभा क्षेत्र मे लगातार विकास के साथ साथ कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है। गावों मे मूलभूत सुविधा मुहैया कराने हरसम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। अंत मे विधायक दीपेश साहू ने कहा की गांव मे किसी प्रकार की कोई समस्या या परेशानी आ रही हो तो उनके कार्यालय में संपर्क करें, समाधान निश्चित ही होगा। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, किसान नेता योगेश तिवारी, मानसिंह वर्मा, केवल सिंह साहू, पुनीत वर्मा अर्जुन साहू, डॉ. डीके वर्मा, पुनाराम वर्मा, तुलसी नायक, विजय वर्मा रविंद्र साहू, कमल वर्मा, संतोष साहू, नरेंद्र नायक, संजय परगनिया, राम स्वरुप नायक, देवदत्ता साहू, गजानंद साहू, शेखर साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।उपस्थित रहे।

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्रः-202409231100059
ब-121 सन 2024

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवीप्रसाद साहू पिता शिवकुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम केशतरा प.ह.नं. 04 तहसील साजा जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा अपने माता स्व. सुक्रीता बाई साहू की मृत्यु दिनांक 31/03/2022 को ग्राम केशतरा प.ह.नं. 04 तहसील साजा जिला बेमेतरा में हो जाने के कारण पंजीयन कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का उजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/10/2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक 18/10/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक 18/10/2024
पेशी दिनांक 22/10/2024

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## बुजुर्ग ने रोपे तालाब किनारे बरगद का पौधा

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ वार्ड क्रमांक 7 के बुजुर्ग तुलसीराम चौहान ने वार्ड में स्वयं निरंतर पौधारोपण कर अन्य को वर्षो से प्रेरित करते आ रहे है। गुरुवार को उन्होंने नवागढ़ नगर के भगनाबंद तालाब के किनारे बरगद का पौधा रोपण किया। इसके पहले भी उन्होंने सैकड़ो नीम, पीपल, गस्ती एवं बरगद का पौधा लगाया है जो लगातार देखभाल से बहुत बड़े वृक्षों का रूप ले चुके है।

## भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने जनपद विकास निधि 15 वे वीत्त से आमटी में 5 लाख के भवन निर्माण के लिए पटेल पारा मेला स्थल पर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम साहू पटेल समाज के ग्राम प्रधान कुबेर पटेल, कुमार पटेल, नरेन्द्र पटेल, मानसिग, कल्याण पटेल रोजगार सहायक देव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। पटेल समाज ने आभार व्यक्त किया।

## छात्रों ने जन्मदिन पर स्कूल में साबुन व हैंडवास देने की शुरू की परम्परा

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के प्राथमिक शाला रानीतराई कि में शाला के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों द्वारा एक नई पहल जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा अपने जन्मदिन पर एक साबुन या हैण्डवास दान स्वरूप देने की एक नई परम्परा की शुरुआत की गई। प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने बताया कि इस नई पहल से स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी। बच्चे उस हैण्डवास का उपयोग खाना खाने के पहले हाथ धोने में करते हैं, जिससे एक कदम स्वच्छता की ओर का सपना साकार होगा और बच्चे स्वस्थ रहेंगे। शाला में लगातार स्वच्छ आदतों के विकास के लिए ध्यान दिया जा रहा है, प्रत्येक शनिवार को नाखून एवं दांतों की जांच की जाती है, ताकि बच्चों में स्वस्थ जीवन जीने की शैली का विकास हो सके। शाला प्रबंधन समिति ने भी ऐसे नई पहल पर खुशी जाहिर की है।

## केन्द्र सरकार की नीति का पालन करें राज्य सरकार- फेडरेशन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू एवं प्रेमसिंह कोलियारे, प्रमोद वाजपेयी, तामेश्वर कौशल, जयसिंह भारतद्वाज, गिरीशदेवांगन, डी.डी.साहू, मनसुखदास साहू, भुधर जोशी का कहना है कि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (AICPIN) के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष के 1 जनवरी एवं 1 जुलाई के स्थिति में कर्मचारियों तथा पेंशनरों को महंगाई भत्ता तथा महंगाई राहत में वृद्धि किया जाता है। राज्य सरकार को भी इस नीति का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2019 से 1 जुलाई 2024 तक केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान, राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा महंगाई राहत नहीं दिया जा रहा है।

### गड़बड़झाला : ग्रापं रांका में सरपंच पर पंचायत राशि की अफरातफरी की शिकायत

# व्यावसायिक परिसर की दुकान को बाहर के व्यापारी को किराए पर दिया, तहसीलदार ने कर दिया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत रांका में शासकीय राशि से बने दो व्यावसायिक परिसर की दुकानों को बाहर के व्यापारी को बिना रिकार्ड के किराये पर दे दिया गया। सरपंच पर आरोप है कि साढ़े साल से उसका किराया लिया जा रहा है। कलेक्टर से शिकायत के बाद आज दुकान को तहसीलदार ने सील कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रांका में दो व्यावसायिक परिसर में दुकान निर्मित की गई जिसे पिछले साढ़े चार साल से बिना की रिकॉर्ड के गांव के बाहर के व्यवसाई को किराए पर दे रखा गया था। जिसके किराए की रकम पंचायत में न जाकर सीधे सरपंच की जेब में जा रही है कि ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर कारवाई की मांग की थी। शिकायत के आधार पर शुक्रवार नायब तहसीलदार बेरला प्रदीप तिवारी राजस्व अमले के साथ ग्राम पहुंच कर दुकान को सील कर दिया। दुकान में कपड़े का भंडारण पाया गया। कार्रवाई के पहले व्यापारी को भनक लगने से सुबह से सामान हटाने का कार्य किया जा रहा था पर दुकान पूरी तरह से खाली नहीं हो पाई थी ओर राजस्व अमला पहुंच गई। अधिकारी को देखते है सामान हटाने का काम दुकानदार ने रोक दिया। अमले ने ग्रामीणों की मौजूदगी में दुकान सील की कारवाई पूरी की। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत रांका की विकास कार्यों और 15वें वित्त में भारी अफरा तफरी की गई है। जो कार्य हुए ही नहीं उसका भी पैसा आहरित कर लिया गया है। जिसकी भी शिकायत लिखित में ग्रामीणों ने की थी। जिस पर जांच किए जाने के लिए जनपद अधिकारी पहुंचने वाले थे परंतु समय देने के बावजूद नहीं पहुंचे जबकि पंचायत में ग्रामीण इंतजार करते हुए रहे।

- सील करने से पहले दुकानदार के पास पहुंची सूचना,आधा सामान कर लिया खाली



### एक गली का 7 से 8 बार सीमेंटीकरण दिखाया गया

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि पंचायत द्वारा एक ही गली को सात से आठ बार सीमेंटीकरण दिखाया गया है और वो भी बिना कि स्टीमेट के कार्य दिखाया गया है। विधायक निधि से सीमेंटीकरण के लिए पौने तीन लाख की राशि लगभग छह माह से पंचायत में आ चुकी है अभी तक कार्य प्रारंभ भी नहीं हो पाया है। एक ओर जहां जांच को टाला जा रहा है वही दूसरी ओर पंचायत की बची हुई राशि पर रोक लगाने की बजाय आहरण के लिए संरक्षण दे रहे हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

ग्रामीणों की शिकायत मिली थी। कलेक्टर के आदेश पर जांच की गई। दो दुकानों को सील किया गया है। इसकी जांच रिपोर्ट बनकर कलेक्टर के पास भेजी जाएगी।

**प्रदीप तिवारी** नायब तहसीलदार, बेरला

### ग्रामीणों ने की ये शिकायत

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि सार्वजनिक शौचालय के नाम से 1.40 लाख रुपए की राशि स्वीकृति प्राप्त हुई है। राशि आहरित कर खर्च कर दी गई है,काम केवल 10प्रतिशत हुआ है। मिन्हाज के घर से इमरान के घर तक गली सीमेंटीकरण के नाम पर राशि आहरित की गई है, वहां पर कुछ भी काम ही नहीं हुआ है। पूर्व से हुई सीमेंटीकरण वाली गली में भी मुर्मीकरण दिखाया जा कर राशि आहरित कर ली गई है। 15वें वित्त की राशि में भी कोई मानक का पालन नहीं किया गया है। मनमानी रूप से टाइड और अनटाइड फंड का कोई ध्यान नहीं रखा गया है,और व्यक्तिगत खातों को वेंडर बना कर राशि अंतरित की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन माह से सीईओ बेरला जांच नहीं करवा पा रहे हैं। कलेक्टर और जिपं सीईओ ने पुनः जनपद के अधिकारियों को जांच करने लेख किया है। शुक्रवार को शिकायतकर्ता जांच अधिकारी की प्रतीक्षा में बैठे रहे, पर वे नहीं पहुंचे

# बच्चों को बताए गए सोशल मीडिया के दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश बजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा निधि शर्मा की उपस्थिति में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नालसा के योजना के अंतर्गत (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 के संबंध में छात्र-छात्राओं जानकारी दी गई। 'छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 के तहत टोनही प्रताड़ना के मामले में सजा का प्रावधान है जो किसी व्यक्ति को टोनही कहने पर तीन साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। किसी व्यक्ति को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करने या नुकसान पहुंचाने पर पांच साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। टोनही के नाम पर किसी महिला का झाड़-फूंक या टोटकै से इलाज करने पर भी पांच साल की जेल और जुर्माना हो सकता है बताया गया। साथ ही साइबर क्राइम, मोबाइल फ्रॉड की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि अपने दैनिक दिनचर्या और पारिवारिक निजी जीवन में जितना हो सके स्मार्टफोन का उचित एवं पढ़ाई से संबंधित उपयोग करें, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर इंस्टाग्राम पर अपने व्यक्तिगत जानकारी फोटोग्राफ को अनावश्यक रूप से साझा नहीं करना चाहिए तथा इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति से बातचीत नहीं करना वह साथ ही किसी अनजान व्यक्ति का व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है। किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लिंक पर क्लिक नहीं करना है साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए ई के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के लिए हमेशा यह सुनिश्चित कर ले की जो व्यक्ति फोन पर स्वयं को आपका पहचान वाला या कोई करीबी व्यक्ति बता रहा है, वह वास्तव में वहीं है कि नहीं सायबर अपराध पता नहीं चल सकता है, और हम उसमें ठगी का शिकार हो सकते हैं इसके अलावा अच्छे- अच्छे लेखकों की पुस्तक पढ़ने को प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य संजय शर्मा, शिक्षक गण एवं पैरालिगल वालेटीरियर्स पंकज घृतलहरे, धरमू बारले, देवेंद्र यादव, सोनिया राजपूत, स्वाति कुजांम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मौजूद रहे।

- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर में लगा विधिक जागरूकता




# आधी आबादी के न्याय की लड़ाई लड़ेगा महिला आयोगः प्रियवंदा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य की विष्णु देव सरकार ने राज्य महिला आयोग में 5 नए सदस्यों की नियुक्ति की है। बनाए गए सदस्यों में प्रियवंदा सिंह जूदेव जशपुर,लक्ष्मी वर्मा बलौदा बाजार,सरला कोसरिया महासमुंद ,ओजस्वी मंडावी दंतेवाड़ा और दीपिका सोरी सुकुमा शामिल है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भाजपा कार्यालय पहुंच उन्हें शुभकामनाएं दी। नियुक्ति पर प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि आधी आबादी के हक़ की लड़ाई को लड़ने उनके अधिकारों को आवाज देने के लिए राज्य महिला आयोग के सभी नवनियुक्त सदस्य कार्य करेंगी। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने आयोग की नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामना देकर बेमेतरा आने का न्योता दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य महिला आयोग प्रदेश में निवासरत महिलाओं की बड़ी दीदी की भूमिका में रहेगी। महिलाओं को हक,अधिकार न्याय दिलाने ,उनके मान और सम्मान की रक्षा के लिए तत्पर रहेगा।

- बड़ी बहन की भूमिका में खड़े दिखे आयोग : प्रज्ञा निर्वाणी



# एएसपी ज्योति ने मारो चौकी का किया वार्षिक निरीक्षण



**मारो।** एएसपी ज्योति सिंह द्वारा कीट परेड निरीक्षण के दौरान साफ सुथरी वर्दी धारण करने एवं अनुशासन में रहने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जप्ती माल रजिस्टर, एवं कैश बुक, माल खाना रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए उचित रखरखाव करने एवं अद्यतन रखने हिदायत दिया गया। शास्त्र लाइसेंस, जरायाम, ग्राम अपराध पुस्तिका, गुम इंसान, मर्ग, शिकायत रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया गया, स्थाई वारंट के निकाल पर जोर देते हुए लंबित अपराधों व शिकायत के शीघ्र निकाल पर जोर दिया गया। चौकी में आने वाले पीड़ित से उचित व्यवहार व उनके समस्याओं का शीघ्र निकाल करने निर्देशित किया गया।

# बाघुल में महाआरती में आस्था का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूजःनवागढ़

शरद पूर्णिमा पर बाघुल में आयोजित मां गंगा स्वरूपा हॉफ नदी महाआरती तृतीय वर्ष पर पूरे गांव के बुजुर्ग, महिला, पुरुष, युवा और बच्चे स्वफुर्त शामिल होकर अपनी आस्था का परिचय दिए। जिस पवन पवित्र हॉफ नदी में ग्राम वासी अपना जीवन निर्वाह करते हैं उसके प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रदर्शित करने के लिए हर साल शरद पूर्णिमा पर भव्य महाआरती का आयोजन करते हैं और जीवन दायिनी मां हॉफ नदी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

जिसमें बुधवार को ग्राम देवता बैगा बावा से छोटे छोटे बच्चे और महिलाओं द्वारा रामधुनि समिति के साथ कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें आमीन माता महिला समिति की माताएं आकर्षक वेशभूषा में और समस्त ग्रामवासी सपरिवार शामिल होते हुए मां महामाई का दर्शन करते श्री राम जानकी मंदिर तट बटेश्वर महादेव के सानिध्य में बेहतरीन महाआरती की। जिसमें पहले धूप से भोले शंकर की आरती की गई। फिर उसके बाद पूरे उमंग, आस्था और श्रद्धा के साथ मां गंगा की भव्य महाआरती की गई। इस महाआरती में पूरे गांव ने शामिल होकर अपनी पूर्ण आस्था का परिचय दिया। इस आयोजन का यह तीसरा वर्ष था इसके प्रति गांव के उमंग और उत्साह से आने वाले वर्ष में यह आयोजन और भव्य रूप लेगा ऐसा प्रतीत होता है।



## गरबा में जमकर थिरके श्रद्धालु

**नवागढ़।** नगर के मध्य स्थित श्री रामजानकी राधाकृष्ण मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के मुहल्ले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महंत सुरेंद्र दास ने दीप प्रज्वलन व आरती के साथ किया। इस अवसर पर मिन्टू बिसेन, बबलू ताम्रकार, विनोद साहू, श्रीकांत ठाकुर, लक्ष्मी चंद जैन, कुमार वर्मा, संतोषी शर्मा, भुनेश्वरी वर्मा, भूमि शर्मा, खुशबू साहू, प्रज्ञान वर्मा, हर्ष बिसेन, दूजे साहू आदि उपस्थित रहे।



### मितानिन दीदियों ने घिवरी स्कूल के बच्चों को दी जानकारी

# छात्र-छात्राओं को सर्पदंश, दस्त से बचाव के बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में बाल सहयोगी मितानिन दीदियों द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को सर्पदंश से बचाव के तरीके व सांप के काटने पर क्या कार्य करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए की जानकारी दी। वहीं अगर किसी बच्चे को या परिजन को दस्त संबंधित समस्या हो तो उसके समाधान स्वरूप हम क्या - क्या कार्य कर सकते हैं जैसे कि ओ.आर.एस. का घोल हम घर में कैसे बना सकते हैं। इसकी जानकारियों से बच्चों को अवगत कराया।

मितानिनों ने छात्राओं में महीना संबंधित होने वाली मासिक चक्र की जानकारियां भी दी कि जैसे कि कोई समस्या हो तो अपने परिजन, शिक्षिकाओं, मितानिन दीदीयों को अवगत अवश्य कराएं और विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर सहायता जरूर लें। छात्रों को नशापान करने से होने वाली गंभीर बिमारियों से तथा समस्याओं का हमारे जीवन में क्या दुष्परिणाम भविष्य में सामने आते हैं, इनकी जानकारी दिया गया। विद्यार्थियों को दो कक्षाओं में विभाजित कर इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दिया गया। बाल सहयोगी मितानिन दीदीयों के प्रशिक्षक पुष्पा सिन्हा ने विद्यार्थियों को बताया है कि सांप दिखाई दे तो जबरदस्ती नहीं छेड़ना चाहिए। रात्रि के समय घर में या घर के बाहर आवश्यक कार्य से यदि जान पड़ा तो प्रकाश हेतु टार्च का उपयोग अवश्य करें। अनावश्यक चीजों को इकट्ठा नहीं करें। कपड़े या जूते चप्पल पहनते समय ध्यान रखें कि कहीं कुछ विषैले जीव उनके अंदर तो नहीं है। हमें जमीन पर नहीं सोना चाहिए आदि। यदि गलती से कहीं सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। तो डरना नहीं चाहिए। बल्कि डॉक्टर से सलाह मशविरा ले लेना चाहिए। बैगा के भरोसे इलाज नहीं कराना चाहिए। घबराना नहीं चाहिए या मुंह से जहर उतारने का प्रयास आदि ना करें। दस्त हो जाने पर घर में जीवन रक्षक घोल बनाने के उपाय को भी बताया कि कैसे हम शक्कर और नमक का घोल बनाकर इसका समाधान कर सकते हैं। बीमार व्यक्ति को समय-समय पर कुछ पोष्टिक आहार अवश्य खाने को दें।



**वीडियो से माध्यम से समझाया:** मितानिन दीदी रानी पाटकर ने बताया कि बार बार दस्त करने के कारण से शरीर में जल की कमी हो जाती है। और इससे रोगी व्यक्ति की स्थिति बिगड़ सकती है। अतः उन्हें कुछ ना कुछ अवश्य पीने दे जैसे चावल पकने के बाद निकलने वाला पेज पसिया में नमक मिलाकर देवें। जिससे शरीर में ताकत बनी रहे। साथ समय रहते डॉक्टर को दिखाएं। ज्ञात हो कि इन जानकारियों को विद्यार्थियों को विडियो के माध्यम से भी दिया गया जिससे बच्चों को जानने समझने में सरलता भी हुआ। मितानिन दीदियों ने विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी भी किया जिसका सभी बच्चों ने उत्तर दिया। जिन स्थानों पर उन्हें समझने में समस्याएं आई उन्हें पुनः आसपास के उदाहरणों को जीवन से जोड़ते हुए स्पष्ट भी किया गया।

इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के प्रधान पाठक पंचराम साहू, शिक्षक लोकेश्वर दास मानिकपुरी, शिक्षिका उषा पाटकर, कर्मचारी अनल सिंह राजपूत बाल सहयोगी मितानिन दीदियों के प्रशिक्षक पुष्पा सिन्हा, मितानिनों में रानी पाटकर, विद्या दुबे, गिरजा पटेल, मोहनी सेन मंजूलता राजपूत उपस्थित रहे।

